उत्तर प्रदेश शासन
आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–5
संख्या : 1549 / आठ–5–2023–795 / 2020
लखनऊ : दिनांक 24 अगस्त, 2023

<u>अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव,</u>
वित्त विभाग / लोक निर्माण विभाग /
सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग /
ग्रामीण अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग /
ऊर्जा विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

कृपया जनपद प्रयागराज में महाकुम्भ–2025 के दृष्टिगत सहायक अभियन्ता (सिविल), अवर अभियन्ता (सिविल एवं विद्युत / यांत्रिक), सहायक लेखाकार, आडिट सहायक, मानचित्रकार, ब्लू प्रिन्टर, ट्रेसर एवं सर्वेयर को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किये जाने सम्बन्धी उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज के पत्र संख्या–932 / उपाध्यक्ष / अधि0 / वि0प्रा0 / 2023 दिनांक 26.07.2023 (छायाप्रति संलग्न) का अवलोकन करने का कष्ट करें।

2– इस सम्बन्ध में अनुरोध है कि कृपया जनपद प्रयागराज में महाकुम्भ–2025 तक के लिए प्रतिनियुक्ति के माध्यम से उपरोक्त पदों पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण में कार्य करने हेतु आपके नियंत्रणाधीन कार्यालयों में कार्यरत इच्छुक अभियन्तागण / कार्मिकों की सूची प्राथमिकता के आधार पर प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज एवं आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि महाकुम्भ–2025 के दृष्टिगत प्रतिनियुक्ति के आधार पर तैनाती के सम्बन्ध में यथाशीघ्र कार्यवाही की जा सके।

<u>संलग्नक : यथोक्त।</u>

(अरूणेश कुमार द्विवेदी)
संयुक्त सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक तदैव।</u>
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

(1) उपाध्यक्ष / अध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण (प्रयागराज विकास प्राधिकरण को छोड़कर) / समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उपर्युक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

(2) उपाध्यक्ष, प्रयागराज विकास प्राधिकरण, प्रयागराज को उनके पत्र संख्या–932 / उपाध्यक्ष / अधि0 / वि0प्रा0 / 2023, दिनांक 26.07.2023 के कम में सूचनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से,
24.8.2023
(चन्द्र श्याम मिश्र)
अनु सचिव।

Y-Santosh Sir--UO-23